हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–69 : जौनपुर, सोमवार 07 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## गोरखपुर एम्स में अगले सप्ताह से शुरू होगा सीटी स्कैन एवं एमआरआई जांच

गोरखपुर ब्यूरो : एम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों के लिए राहत भरी खबर है। अब उन्हें अल्ट्रासाउंड, एमआरआई और सीटी स्कैन के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं होगी। तीनों जांचें अगले सप्ताह से शुरू हो जाएंगी। साथ ही अल्ट्रासाउंड जांच फिर से शुरू कर दी गई है। यह जांच करीब सवा साल से बंद थी। एम्स में बिहार, नेपाल के साथ ही पूर्वांचल के कई जिलों से मरीज आते हैं। पिछले साल रेडियोलॉजिस्ट के इस्तीफे के बाद अगस्त से ही अल्ट्रासाउंड जांच बंद हो गई थी। इसकी वजह से स्त्री प्रसूति रोग विभाग, सर्जरी, मेडिसिन विभाग के मरीजों को परेशान होना पड़ता था। डॉक्टरों के अभाव में दो साल से एम्स का सीटी स्कैन और एमआरआई नहीं हो पा रही है। जबकि, एम्स में आधुनिक मशीनें लगा दी गई हैं। वहीं, सवा साल से बंद अल्ट्रासाउंड संचालन की जिम्मेदारी एम्स के हिंद लैब को मिली जिसने रेडियोलॉजिस्ट डॉ. पवन कुमार मौर्य को ज्वाइन कराया है। टेली रिपोर्टिंग के जरिये सीटी स्कैन और एमआरआई की




रिपोर्ट बनाकर मरीजों को दी जाएगी। एम्स मीडिया प्रभारी डॉ. मुकुल सिंह ने कहा कि एम्स में सुविधाएं बढ़ाई जा रही हैं। अल्ट्रासाउंड, सीटी स्कैन और एमआरआई जांच की जिम्मेदारी हिंद लैब को दी गई है। शनिवार को 25 मरीजों का अल्ट्रासाउंड हुआ है। रोजाना 35 से 40 मरीजों का अल्ट्रासाउंड तय किया गया है। अभी इमरजेंसी में सीटी स्कैन, एमआरआई की रिपोर्ट डॉ. पवन ही तैयार करेंगे।

## बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचा रही 'तीसरी आंख' : एडीजी अखिल कुमार चला रहे विशेष अभियान

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर में तीसरी आंख (सीसीटीवी कैमरे) की मदद से पुलिस चंद दिनों में ही बदमाशों को जेल के सलाखों के पीछे भेजने में कामयाब हुई है। इतना ही नहीं कैमरों की मदद से केस खुलने के बाद इसे वैज्ञानिक साक्ष्यों के तौर पर भी इस्तेमाल कर रही है। इसका फायदा आरोपियों को सजा दिलाने में मिलेगा। पिछले चार महीनों में गोरखपुर रेंज (गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर, महराजगंज) में 316 मामलों के खुलासे में पुलिस को सीसीटीवी कैमरों की मदद से कामयाबी मिली है। जानकारी के मुताबिक, एडीजी अखिल कुमार ने ऑपरेशन त्रिनेत्र की शुरुआत कर जनप्रतिनिधि, व्यापारियों व संभ्रात लोगों की मदद से कैमरे लगवाने की शुरुआत की। इसका असर रहा कि गोरखपुर शहर में 176 जगहों पर कैमरे लग चुके हैं। अब प्रधानों की



मदद से गांवों में भी लगाए जा रहे हैं। एडीजी अखिल कुमार ने इस सफलता के बाद एक बार फिर हर घर कैमरे के अभियान में तेजी लाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया है।

## गांधी पुस्तक मेले का विद्यालय में हुआ आयोजन

सुजानगंज (जौनपुर) ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : प्रणवम् स्कूल सुजानगंज में ''गांधी पुस्तक मेला'' का आयोजन किया गया जिसमे मुख्य अतिथि शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ.अजय कुमार सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा 02 अक्टूबर 1869 गुजरात के पोरबंदर गाँव में मोहनदास करमचंद गांधी का जन्म हुआ था। गांधीजी का भारत की स्वतंत्रता में काफी अहम योगदान था। गांधीजी हमेशा अहिंसा के रास्ते पर चलते थे, वे लोगों से आशा करते थे कि वे भी अहिंसा का रास्ता अपनाएं। 1930 दांडी यात्रा करके नमक सत्याग्रह किया था। लोग गाँधीजी को प्यार से बापू कहते हैं।गांधीजी ने अपनी वकालत की पढ़ाई लंदन से पूरी की थी। बापू हिंसा के खिलाफ थे और अंग्रेजों के लिए काफी बड़ी मुश्किल बने हुए थे। आजादी में बापू के योगदान के कारण उन्हें राष्ट्रपिता का ओहदा दिया गया। बापू हमेशा साधारण सा जीवन जीते थे, वे चरखा चलाकर कर सूत कातते थे और उसी से बनी धोती पहना करते थे। प्रमुख अतिथि शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष मार्कंडेय सिंह ने कहा महात्मा गाँधी के शब्दों में "कुछ ऐसा जीवन जियो जैसे की तुम कल मरने वाले हो, कुछ ऐसा सीखो जिससे कि तुम हमेशा के लिए जीने वाले"। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी इन्हीं सिद्धान्तों पर जीवन व्यतीत करते हुए भारत की आजादी के लिए ब्रिटिश साम्राज्य के खिलाफ अनेक आंदोलन लड़े।कार्यक्रम की अध्यक्षता वित्त विहीन प्रबंधक संघ, सुजानगंज के अध्यक्ष श्री संतोष द्विवेदी ने किया तथा संचालन विद्यालय की छात्रा प्राची गुप्ता व आयुषी तिवारी ने किया। विशिष्ट अतिथि शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्याम शंकर उपाध्याय तथा आलोक सिंह,



मंगला प्रसाद गिरी, सुशील मिश्रा, एम.पी.पटेल, मुरारी सिंह, आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। मुख्य अतिथि डॉ अजय कुमार सिंह ने दृष्टि राव,निमित्त, दर्शित ,चार्वी यादव, पीहू यादव ,दिव्य दुबे, शौर्य प्रजापति, अभय सिंह, श्रद्धा गुप्ता ,अलीशा, गीतम राय, प्रियांशु उमर को '' सूपर रोल मोडेल अवार्ड " स्टार आफ द क्लास से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती सिल्जा प्रमोद ने बच्चों को पुस्तक के बारे में बताते हुए कहा की पुस्तकें ज्ञान का भंडार होते हैं और इनका साथ आप के जीवन में कई परिवर्तन ला सकता है। पुस्तक कभी आपको धोका नहीं देता और सदैव आपके ज्ञान को बढ़ाता है, आप इसमें रोचक कहानियां, देश दुनिया में होने वाली गतिविधियाँ, कुछ नया सीखने का तरीका, आदि आसानी से सीख सकते हैं। विद्यालय के प्रबंधक व शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव डॉ. प्रमोद के. सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा इस मौके पर शेर बहादुर सिंह , नीरज सरोज , कृपा शंकर पटेल ,विजय शंकर दुबे ,कुलदीप पांडेय, दीपक तिवारी, पंकज मणि तिवारी, सुनीता सोनी, पंकज सिंह ,अजीत शर्मा, अशोक पटेल ,वंदना जयसवाल ,रामशंकर सिंह ,नीरज सरोज, मनोज ,नीलम सोनी, सोनाक्षी, नीता तिवारी, सुरभि, अस्मिता, ब्यूटी तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## जिला कारागार जौनपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन संपन्न

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के पत्रांक ई–मेल दिनांकित 22.10.2022 द्वारा दिनांक 31.10.22 से 13.11.22 तक (i) "Empowerment of Citizens through Legal Awaeness and Outreach" (ii) "Haq hamara bhi hai @75" के अन्तर्गत अभियान संचालित है। जिसके अन्तर्गत दिनांक 06.11.2022 को जिला कारागार जौनपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर बन्दियों के डाटा के फीडिंग के कार्य हेतु श्री विवेक विक्रम, सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के निर्देशन में गठित टीम के सदस्यगण दिलीप कुमार सिंह द्वारा बन्दियों के डाटा फीडिंग का कार्य किया जा रहा है। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा बताया गया जिला कारागार के अर्न्तगत इस आयोजन के व्यापक प्रचार–प्रसार हेतु दिनांक 06.11.2022 को'' तहसील सभागार मड़ियाहूँ, जौनपुर में "Empowerment of Citizens through Legal Awaeness and Outreach" के अन्तर्गत विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन कर जनसामान्य के मध्य विधिक साक्षरता शिविर आयोजन कर लोगों के मध्य जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं एवं अन्य कानूनों की जानकारी प्रदान करायी गयी। शिविर मे उपस्थित सिविल जज जू0डि0 प्रवीन कुमार यादव, एवं अपर सिविल जज जू0डि0 देवेश कुमार यादव कार्यक्रम से संचालित विभिन्न



योजनाओं एवं अन्य काननी की जानकारी प्रदान करायी गयी। तहसील मड़ियाहूँ रामसुधार द्वारा केन्द्रीय/राज्य द्वारा संचालित सभी योजनाओं के विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गयी। पैनल अधिवक्ता श्री देवेन्द्र कुमार यादव द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाओं के क्रियान्वयन के सम्बन्धित विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करायी गयी। शिविर में पी0एल0वी0गण श्रीमती रेनू सिंह, गुलाम साबिर उपस्थित रहे। इस अवसर पर जेल अधीक्षक एस0के0 पाण्डेय एवं द्वारा जिला कारागार जौनपुर में फिडिंग के कार्य हेतु सराहनीय व्यक्त की गयी है। एवं जिला स्तरीय में बनी टीम के सदस्यगण श्री दिलीप सिंह द्वारा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला कारागार में बन्दियों के डाटा फीडिंग का कार्य किया सुचारू रूप से किया जा रहा है। जिला कारागार जौनपुर में जेल पी0एल0वी0 गण द्वारा कार्य किया जा रहा है।

## वाराणसी में विराजमान होंगे 100 फीट के कालभैरव : 9 से काशी कोतवाल उत्सव शुरु

वाराणसी ब्यूरो : वाराणसी में पहली बार 100 फीट की बटुक भैरव की प्रतिमा के दर्शन होंगे। चेन्नई से आज यह प्रतिमा बनारस पहुंचेगी और इसको नरिया स्थित रामनाथ चौधरी शोध संस्थान के प्रांगण में स्थापित किया जाएगा। नौ नवंबर से 16 नवंबर तक होने वाले अष्ट दिवसीय काशी कोतवाल कालभैरव उत्सव में श्रद्धालु यज्ञ, हवन और प्रवचन के साथ ही सुरगंगा में भी डुबकी लगाएंगे। तमिलनाडु के कृष्णा गिरी पीठ के पीठाधीश्वर डॉ. बसंत विजय महाराज ने रविवार को नरिया स्थित शोध संस्थान में प्रेसवार्ता में बताया कि काशी के कोतवाल की नगरी में भैरवाष्टमी के दिन काशीवासी एक लाख आठ हजार कामना पूरक भैरव मूर्तियों का पूजन करेंगे। निर्माण नौ नवंबर से गंगा की मिट्टी से आरंभ होगा। पहली बार काशी में भैरव दीपावली हर दिन 13 हजार पांच सौ भैरव की मूर्तियां निर्मित होंगी और 16 नवंबर को एक लाख आठ हजार भैरव का एक लाख आठ हजार दीपक, नैवेद्य, पुष्प से पूजन किया जाएगा। भैरवाष्टमी पर पहली बार काशी में भैरव दीपावली काशी की जनता मनाएगी। आयोजन पूर्ण होने के बाद बटुक भैरव और भैरव की एक लाख आठ हजार पार्थिव प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। राजशाही भंडारे का भी प्रबंध भैरव तंत्रोक्त के अनुसार यज्ञ स्थल पर आठ दिशाओं में नौ–नौ फीट के अष्ट भैरव स्थापित होंगे और मंच पर स्वर्णाकर्षण भैरव विराजमान होंगे। गृहस्थों के



लिए भैरव का शांत और सपत्नीक स्वरूप स्थापित किया जा रहा है। काशीवासियों के लिए आयोजन स्थल पर राजशाही भंडारे का भी प्रबंध किया गया है। हर शाम जाने–माने कलाकार लगाएंगे हाजिरी काशी कोतवाल भैरव उत्सव की पहली संध्या में नौ नवंबर को हर–हर शंभू फेम अभिलिप्सा पंडा, 10 नवंबर को हेमंत बृजवासी, 12 नवंबर को हंसराज रघुवंशी, 14 नवंबर को मैथिली ठाकुर, 15 नवंबर को उस्मान मीर और 16 नवंबर को कैलाश पीयूषा की संगीतमय प्रस्तुतियां होंगी। 11 नवंबर को नाट्य मंचन तथा 13 नवंबर को अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन में हास्य कवि पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, डॉ. हरिओम पवार, अरूण जैमिनी, शशिकांत यादव, शंभू शिखर व गौरव शर्मा अपनी रचनाएं प्रस्तुत करेंगे।

## शासकीय वीर सावरकर महाविद्यालय द्वारा आयोजित जिला स्तरीय एकल व समूह गायन की संगीत प्रतियोगिता में संस्कृति ने बनाया प्रथम स्थान

पचोर, मध्यप्रदेश ( विशेष संवाददाता जय प्रकाश तिवारी ) : उच्च शिक्षा महाविद्यालय के तत्वाधान में आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव संगीत प्रतियोगिता में शासकीय वीर सावरकर महाविद्यालय की छात्रा संस्कृति चतारा ने एकल सुगम संगीत और समूह गायन में प्रथम स्थान प्राप्त किया। तबले पर संगत के रूप में उनके भाई जीत विरमाल रहे। गौरतलब है छात्रा राजा मानसिंह तोमर संगीत महाविद्यालय नरसिंहगढ़ की नियमित छात्रा है और पचोर में मेलोडी म्यूजिक क्लास ग्रुप के संयोजक श्री महेश जी राव सर से संगीत शिक्षा प्राप्त कर रही है। पचोर नगर और संगीत महाविद्यालय तथा शासकीय महाविद्यालय पचोर और



परिजनों ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## टीबी मरीज नें खर्च कर दिए लाखों : सरकारी अस्पताल की दवा से हुआ ठीक

गोरखपुर ब्यूरो : टीबी ने पिपराइच ब्लॉक के मटिहनिया सुमाली गांव के रहने वाले 60 वर्षीय बुजुर्ग को बर्बादी के कगार पर खड़ा कर दिया था। नौ वर्षों तक इस बीमारी से लड़ते हुए निजी अस्पतालों में लाखों रुपये खर्च हो गए। यहां तक की खेत तक बंधक रखना पड़ा। मास ट्रग रेसिस्टेंट




(एमडीआर) टीबी से ग्रसित बुजुर्ग को 11 साल बाद टीबी से मुक्ति मिली। अब वह स्वस्थ है। बुजुर्ग ने बताया कि वर्ष 2008 में उन्हें बुखार और हल्की खांसी की दिक्कत शुरू हुई। कई बार दवा ली, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। निजी चिकित्सक को दिखाया। जांच में टीबी की पुष्टि हुई। नौ माह तक दवा चली, लेकिन फायदा नहीं हुआ। आठ साल तक लाखों रुपये खर्च कर इलाज करवाता रहा, लेकिन दिक्कत जस की तस बनी रही। 2017 में एक निजी चिकित्सक ने बताया कि उन्हें एमडीआर टीबी है और उनके इलाज में पांच लाख रुपये लगेंगे। साथ ही सलाह दी कि वह बीआरडी मेडिकल कॉलेज जाएं और निशुल्क इलाज कराएं। मेडिकल कॉलेज से दवा देकर उन्हें पिपराइच सीएचसी जाने को कहा गया। डॉ. पी गोबिंद की देखरेख में एसटीएस संजय सिन्हा की मदद से उनकी दवा शुरू हुई। दो साल तक लगातार दवा चली। साथ ही खाते में आठ हजार रुपये भी मिले। 705 एमडीआर मरीज हो चुके हैं ठीक सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दुबे ने बताया कि टीबी के ज्यादातर एमडीआर मरीज सरकारी दवाओं से ठीक हो रहे हैं। एमडीआर टीबी का निजी अस्पतालों में इलाज काफी महंगा है। 2017 से अब तक ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के 705 मरीज इलाज के बाद पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं। सरकारी अस्पताल में सुविधा निशुल्क है।

## गोरखपुर में सड़क नाली के लिए किया प्रदर्शन : लोगो ने चौराहे पर लगाया जाम

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा क्षेत्र के हरसेवकपुर नंबर दो के निवासियों ने सड़क और नाली की बदहाली के विरोध में रविवार को लक्ष्मीपुर चौराहे पर प्रदर्शन किया। सुबह क्षेत्र के लोगों ने बांस–बल्ली





लगाकर रास्ता जाम कर दिया। करीब दो घंटे तक जाम की वजह से लोगों को परेशानी भी झेलनी पड़ी। गुलरिहा थानाध्यक्ष ने लोगों को समझाकर जाम खत्म कराया। करीब तीन साल पहले जंगल खजांची बाजार से हरसेवकपुर के पास दहला से लक्ष्मीपुर संपर्क मार्ग का निर्माण करीब 85.88 लाख रुपये की लागत से विधायक महेंद्र पाल सिंह की निधि से कराया गया था, लेकिन अब यह सड़क पूरी तरह से गड्ढों में तब्दील हो गई है। पांच–छह गांवों के लोगों का मुख्य रास्ता होने की वजह से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि इस संबंध में विधायक समेत जिम्मेदारों को इस समस्या से कई बार अवगत कराया जा चुका है। प्रदर्शन करने वालों में जितन लाल गुप्ता, नाशपाती देवी, नीलू देवी, बृजेश कुमार गौड़, रामराज निषाद, कमल निषाद, पिंटू, विजय निषाद समेत सैकड़ों नागरिक मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
अच्छी बात की चर्चा हर जगह करो, बुरी बात को समा लो।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# नेतन्याहू की जीत का अर्थ, भारत के नजरिए से कितना अहम?

अगर नेतन्याहू की बात करें, तो उनकी यह जीत व्यक्तिगत रूप से उनके लिए बड़ी चुनौती लेकर भी आई है। चुनौती यह है कि प्रधानमंत्री के पिछले कार्यकाल में उन पर भ्रष्टाचार के जो आरोप लगे थे, या तो उन्हें इससे मुक्ति पानी होगी या फिर भ्रष्टाचारी की छवि के साथ ही रहना होगा।

हाल ही में विश्व स्तर पर दक्षिणपंथी, मध्यमार्गी और वामपंथियों के बीच हुई चुनावी लड़ाई में ब्राजील में तो नरेंद्र मोदी के मित्र जे बोलसोनारो हार गए, लेकिन उसके कुछ दिन बाद इस्राइल में बेंजामिन नेतन्याहू की जीत हुई। ब्राजील में जहां वाम दल ने दक्षिणपंथ को परास्त किया, वहीं इस्राइल में दक्षिणपंथी ताकतों ने मध्यमार्गियों को हराकर विश्व स्तर पर अपना वर्चस्व बनाए रखा। नेतन्याहू 'बीबी' के नाम से लोकप्रिय हैं। प्रसिद्ध इस्राइली अखबार हआरेट्ज ने टिप्पणी करते हुए कहा, 'नेतन्याहू को चांदी की तश्तरी में जीत परोसी गई। बीबी और उनके सहयोगी एकजुट और जीत की पूरी कोशिश में लगे थे। जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी सत्ता में होने के बावजूद विभाजित थे और जीत के प्रति आश्वस्त भी नहीं थे।'

चुनावी नतीजे पर टिप्पणी करते हुए इस अखबार ने देश के राजनीतिक ट्रेंड पर जो टिप्पणी की, वह भारत के राजनीतिक योजनाकारों के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। अखबार ने लिखा, 'राजनीतिक रूप से विभाजित देशों में चुनावी नतीजे सिर्फ वैचारिकता, नजरिया, मूल्य या पहचान पर निर्भर नहीं करते। हालांकि चुनावी जीत में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन आखिरी वक्त पर रणनीति ही सबसे निर्णायक साबित होती है। बेहद कठिन, आक्रामक और कर्कश तथा इस्राइल में अब तक के सबसे सुसंगठित चुनावी अभियान में नेतन्याहू सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के प्रमुख के तौर पर शुरू से ही सबसे आगे थे। उनकी ऐसी सक्रियता इससे पहले के चुनावों में नहीं देखी गई। महत्वपूर्ण बात यह भी कि चुनाव अभियान के दौरान वैचारिकताओं का संघर्ष उस तरह नहीं दिखा।' जबकि नेतन्याहू को सर्वाधिक समर्थन धार्मिक जियोनिस्म पार्टी से मिला। चूंकि नेतन्याहू की धुर दक्षिणपंथी पार्टी को पिछले चुनाव की तुलना में संसद में दोगुना सीटें मिली हैं, ऐसे में, विश्लेषकों का मानना है कि सुरक्षा मामलों में सत्तारूढ़ लिकुड पार्टी का अब पूरा नियंत्रण होगा।

लिकुड पार्टी पारंपरिक रूप से फलस्तीन तथा इस्राइल के राजनीतिक और सैन्य नियंत्रण में रहने वाले फलस्तीनियों की घनघोर विरोधी है। जाहिर है, यह चुनावी नतीजा फलस्तीनियों के लिए मुसीबत और उसके समर्थक अरब देशों के साथ इस्राइल के संघर्ष की आशंका के साथ आया है। अगर नेतन्याहू की बात करें, तो उनकी यह जीत व्यक्तिगत रूप से उनके लिए बड़ी चुनौती लेकर भी आई है। चुनौती यह है कि प्रधानमंत्री के पिछले कार्यकाल में उन पर भ्रष्टाचार के जो आरोप लगे थे, या तो उन्हें इससे मुक्ति पानी होगी या फिर भ्रष्टाचारी की छवि के साथ ही रहना होगा। वर्ष 2019 से अभी तक इस्राइल में जितने भी चुनाव हुए हैं, वे सब नेता के रूप में नेतन्याहू की योग्यता–क्षमता पर मुहर ही हैं। हालांकि उन पर रिश्वत लेने, धोखाधड़ी करने और विश्वासघात करने के आरोप हैं। यह अलग बात है कि लिकुड पार्टी के प्रमुख नेतन्याहू ने इन आरोपों को गलत बताया है।

इस्राइल पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों का मानना है कि सत्ता में आने के बाद नेतन्याहू की पार्टी अब धोखाधड़ी और विश्वासघात जैसे अपराधों को, जिसके आरोप में नेतन्याहू पर मुकदमा चल रहा है, दंड संहिता से बाहर करने, इस्राइल के हाई कोर्ट को असांविधानिक कानूनों पर फैसला देने से रोकने और जजों की नियुक्ति पर संसद द्वारा पूरा नियंत्रण रखने जैसे कदम उठाने की योजना बना रही है। नेतन्याहू ने पांच साल में हुए पांचवें चुनाव में निर्णायक विजय हासिल की है, हालांकि इस बीच सत्रह महीने तक उन्हें विपक्ष में रहना पड़ा। बीबी को इस बार के चुनाव में एक ऐसे विपक्ष का सामना करना पड़ा, जिसका नारा था, 'बीबी को छोड़कर कोई भी।' सिर्फ भविष्य ही बताएगा कि वर्ष 2024 में भारत में होने वाले लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी और उनकी पार्टी के खिलाफ विपक्ष का चुनावी अभियान कितना सफल होगा।

नेतन्याहू की यह जीत फौरी तौर पर भारत के साथ इस्राइल के रिश्तों को और मजबूती प्रदान करेगी। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ भारत क्वाड का सदस्य तो है ही, भारत आई2यू2 समूह का भी सदस्य है, जिसका शुरुआती नाम इंटरनेशनल फोरम फॉर इंटरनेशनल को–ऑपरेशन था। इस संगठन में भारत के अलावा अमेरिका, इस्राइल और संयुक्त अरब अमीरात हैं। इसकी पहली बैठक विगत जुलाई में ऑनलाइन हुई थी। आई2यू2 के आगामी लक्ष्यों में भारत केंद्रित कुछ योजनाएं भी हैं, जैसे–गुजरात में 33 करोड़ डॉलर की लागत वाली 300 मेगावाट की हाइब्रिड नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना और देश के विभिन्न हिस्सों में फूड पार्क विकसित करने के लिए दो अरब डॉलर की निवेश योजना।

चूंकि इन दोनों ही समूहों के नेताओं से नरेंद्र मोदी की अच्छी दोस्ती है, लिहाजा भारत को इसका लाभ मिल सकता है। मोदी ने इस्राइल के प्रधानमंत्री का पद छोड़ने वाले लीपिड को तो शुक्रिया कहा ही, उन्होंने फिर प्रधानमंत्री बने नेतन्याहू को भी बधाई दी है। नरेंद्र मोदी इस्राइल का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे। हालांकि उनसे पहले तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने 2015 में इस्राइल की यात्रा की थी। वर्ष 2017 में मोदी द्वारा नेतन्याहू को गले लगाने और समुद्र तट पर साथ–साथ घूमने की तस्वीरों ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था।

भारत–इस्राइल का द्विपक्षीय व्यापार वर्ष 2000 में 90 करोड़ डॉलर था, जो 2021 में 7.6 अरब डॉलर हो गया। यह स्वाभाविक ही है कि मोदी और नेतन्याहू इस व्यापार को और आगे ले जाएंगे। भारत अपने रक्षा क्षेत्र की जरूरतों का जो हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर आयात करता है, उसका 40 फीसदी हिस्सा इस्राइल से आता है। कई इस्राइली फर्म्स भारत में कार्यरत हैं, तो इस्राइल के हाइफा बंदरगाह पर अदाणी समूह का नियंत्रण है। नवंबर, 2021 में भारत और इस्राइल ने दोहरे प्रयोग वाली तकनीक में नवाचार से संबंधित समझौते पर दस्तखत किए थे। उससे पहले दोनों देशों के बीच पांच साल के लिए (2018–23) शोध और विकास परियोजनाओं पर सहयोग करने के लिए एक सहमति पत्र पर दस्तखत हुए थे। जाहिर है, मोदी और नेतन्याहू भारत–इस्राइल रिश्ते को नई ऊंचाई पर ले जाने की दिशा में काम करेंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

# सनातन धर्म संस्कृति की कर्तव्य आधारित व्यवस्था से ही समाज और राष्ट्र में खुशहाली लाई जा सकती है –डॉ एम एल गुप्ता

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : अहमद नगर गांव में आयोजित शिव सत्संग मण्डल के आंचलिक धर्मोत्सव में डॉ एम एल गुप्ता ने कहा कि सनातन धर्म में कर्तव्य पालन को ही धर्म बताया गया है। कर्तव्य आधारित व्यवस्था से ही समाज को उन्नतिशील बनाया जा सकता है। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जाति जाति में बंटा हुआ समाज कभी भी सशक्त नहीं हो सकता।हमारे पूर्वजों ने सदैव ज्ञान की बात सर्व समाज के कल्याण के लिए की है। मण्डलाध्यक्ष आचार्य अशोक ने कहा कि परमेश्वर के ध्यान और भजन से ही समग्र जीवन का कल्याण संभव है।उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता व भक्ति मार्ग पर चलकर संतों भक्तों ने परमात्मा को साधा है।उन्होंने कहा कि एक गृहस्थ व्यक्ति के लिए यही उचित है कि वह भक्ति और कर्म के मार्ग पर अग्रसर रहे। धर्मोत्सव में लखीमपुर के जिला प्रमुख जमुना प्रसाद ने कहा कि शिव सत्संग मण्डल समाज में आध्यात्मिक चेतना की अलख जगा रहा है।ध्यान और भजन से मानसिक शांति मिलती है, जो सफल एवं सुखद मानव जीवन के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज में चेतना जागृत करके हमें अपने जीवन में विकारों को त्याग कर परमपिता परमात्मा से सच्चा प्रेम और समर्पण रखना चाहिए। उन्होंने शिव सत्संग मण्डल की ओर से संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। हरदोई के जिला महामंत्री रवि लाल ने बताया कि शिव, चेतना की जागृत, निद्रा और स्वप्न अवस्था के परे हैं। शिव समाधि हैं – चेतना की चौथी अवस्था, जिसे केवल ध्यान में ही प्राप्त किया जा सकता है। समाधि में मन पूरी तरह समभाव में रहता हैद्य यह एक ही समय में शांत भी है और पूरी तरह जागरूक भी। वरिष्ठ सत्संगी रामअवतार, व्यवस्था




प्रमुख यमुना प्रसाद शिव वह चेतना है जहाँ से सब कुछ आरम्भ होता है, जहाँ सबका पोषण होता है और जिसमें सब कुछ विलीन हो जाता है। आप कभी 'शिव' के बाहर नहीं हैं क्योंकि पूरी सृष्टि ही शिव में विद्यमान है। आपका मन, शरीर सब कुछ केवल शिव तत्व से ही बना हुआ है, इसीलिए शिव को 'विश्वरूप' कहते हैं जिसका अर्थ है कि सारी सृष्टि उन्हीं का रूप है। सत्संगी नन्हें लाल ने ध्यान और भजन को समग्र जीवन की सफलता का आधार बताया। सत्संगी सोमपाल ने भजन से लाभ,रामौतार ने दान की महिमा, इंस्पेक्टर ने सत्संग की महिमा,रवि वर्मा ने विविध मत मतांतरों पर चर्चा की एवं रजनीश सक्सेना ने शाकाहार को जीवन का आधार बताया। भजनोपदेशक श्री कृष्ण,भैयालाल,राज कुमार एवं योग प्रशिक्षक सत्यम आदि ने प्रेरणादाई भजन सुनाए। मण्डल के केन्द्रीय संयोजक अम्बरीष कुमार एवं मोहित राजपूत के संयुक्त संचालन में हुए धर्मोत्सव का शुभारम्भ प्रमुख समाजसेवी डॉ मुरारी लाल गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर एवं बहन अंजली की सामूहिक ईश प्रार्थना से हुआ। सत्संगी राम निवास,स्वामी दयाल,राम कुमार,देव सिंह,अवधेश,सुनील, हरिओम, आशा राम,प्रदीप आदि ने धर्मोत्सव को भव्य बनाने में विशेष योगदान दिया।समापन पर सभी सत्संगी बन्धुओं और बहनों ने रोजाना ब्रह्ममुहुर्त में उठकर परमेश्वर का सुमिरन करने का शिव संकल्प लिया।

# कार्तिक पूर्णिमा स्नान के दौरान दो चचेरी बहनें डूबीं : पांच घंटे बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

वाराणसी ब्यूरो : कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर वाराणसी के चौबेपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गौराकला निवासी दो चचेरी बहनें स्नान के दौरान डूब गईं। हादसे के पांच घंटे बाद भी पानी में डूबी चचेरी बहनों का कोई सुराग नहीं मिला है। चौबेपुर थाने की पुलिस स्थानीय गोताखोरों की मदद से दोनों की तलाश में जुटी हुई है। एनडीआरएफ टीम का इंतजार किया जा रहा है। घटनास्थल पर भारी भीड़ जुटी है। एसपी ग्रामीण सूर्यकांत त्रिपाठी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे हैं। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गौराकला निवासी तृष्णा (12) उर्फ अंजू पुत्री अशोक और पूजा मौर्या (18) पुत्री लल्लन कार्तिक पूर्णिमा का स्नान करने सोमवार अलसुबह बभनपुरा सोता पुल गंगा घाट पर स्नान करने गईं थीं। गहरे पानी में जाने से दोनों डूब गईं। साथ नही रही महिलाओं ने देखा तो शोर मचाया। कई ग्रामीणों ने तलाश शुरू की लेकिन



उनका कुछ पता नहीं चला। सुबह पांच बजे हादसा हुआ। घटना के इतने घंटे बाद भी एनडीआरएफ टीम नहीं पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। एसपी ग्रामीण सूर्यकांत त्रिपाठी फोर्स के साथ मौजूद हैं। बभनपुरा सोता पुल के पास तृष्णा और पूजा के परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

# माफिया मुख्तार के बेटे से ईडी ने पूछा– बुंदेलखंड में प्रॉपर्टी खरीदने के लिए कहां से आई रकम

प्रयागराज ब्यूरो : माफिया मुख्तार अंसारी के विधायक बेटे अब्बास अंसारी की कस्टडी रिमांड मिलने के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने उससे शनिवार रात भर पूछताछ की। इसके बाद रविवार को भी कई चरणों में सवाल पूछे गए। सबसे खास बात यह रही कि ईडी ने जब उससे बुंदेलखंड की प्रॉपर्टी के लिए आई रकम का स्रोत पूछा तो वह स्तब्ध रह गया। सूत्रों का कहना है कि मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के दौरान ईडी को बुंदेलखंड व जालौन स्थित दो संपत्तियों के बारे में पता चला है। यह दोनों संपत्तियां अब्बास के दो मददगारों के नाम पर हैं। ईडी को कुछ ऐसे दस्तावेजी सबूत मिले हैं, जिससे इस बात की पूरी आशंका है कि यह दोनों बेशकीमती संपत्तियां कहीं न कहीं अब्बास अंसारी से जुड़ी हुई हैं। कस्टडी रिमांड के दूसरे दिन हुई पूछताछ में सबसे ज्यादा सवाल इन्हीं दोनों संपत्तियों से संबंधित रहे। फिलहाल अब्बास ने इन दोनों संपत्तियों से अपना कोई संबंध होने की बात से इंकार किया। इससे पहले जैसे ही बुंदेलखंड स्थित प्रॉपर्टी के बारे में ईडी की टीम ने पहला सवाल दागा, अब्बास थोड़ी देर के लिए शांत हो गया। अवैध गोदाम के किराये से मिली रकम से खरीदी गई प्रॉपर्टी मनी लॉन्ड्रिंग केस की जांच के दौरान ईडी को कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। पता चला है कि मऊ व गाजीपुर में सरकारी जमीन पर कब्जा करके अवैध गोदाम बनवाए गए। यह दोनों गोदाम विकास कंसट्रक्शन के नाम पर बनवाए गए, जिसका कार्यालय रजदेपुर देहाती, गाजीपुर में स्थित था। इस कंपनी के पांच पार्टनर हैं, जिनमें मुख्तार की पत्नी अफ्शा अंसारी व उसकी पत्नी के भाई अनवर शहजाद व आतिफ रजा के अलावा योगेंद्र नारायण सिंह व जाकिर हुसैन शामिल हैं। खास बात यह कि मऊ में बनवाए गए गोदाम को एफसीआई को किराये पर देकर



करीब 15 करोड़ रुपये कमाए गए। इस रकम से ही अलग–अलग जगहों पर मुख्तार के परिजनों के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदी गई। इनमें से ही दो प्रॉपर्टी बुंदेलखंड व जालौन की भी हैं। बैंककर्मी को भी बुलाया, दिखाया रिकॉर्ड पूछताछ के दौरान एक और खास बात यह रही कि ईडी दफ्तर में एक बैंककर्मी को भी बुलाया गया। सूत्रों का कहना है कि खातों से जुड़ी जानकारी के कई सवालों पर अब्बास ने अनभिज्ञता जताई। इस पर ईडी अफसरों की ओर से ही बैंककर्मी को बुलाया गया। बैंककर्मी की मदद से खातों में हुए ट्रांजक्शन के बारे में जानकारी मांगी गई। जिस पर उसकी बोलती बंद हो गई। बताइए, विकास कंसट्रक्शन से क्यों मिले रुपये? सूत्रों का यह भी कहना है कि ईडी की टीम ने अब्बास से विकास कंसट्रक्शन के बारे में भी पूछताछ की। इससे जुड़े पहले सवाल पर अब्बास ने यह तो स्वीकार किया कि यह कंपनी उसकी मां व दो मामा के नाम पर है। लेकिन उसने फर्म से अपना कोई संबंध होने की बात से इंकार कर दिया। हालांकि जब ईडी ने उससे पूछा कि फर्म के खाते से उसके खाते में रुपयों का लेनदेन क्यों हुआ तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया।

# साहिब श्री गुरूनानक देव के प्रकाश पर्व पर निकला नगर कीर्तन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। जगत गुरू साहिब श्री गुरूनानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) पर एक भव्य नगर कीर्तन की अगुवाई परम्परागत वेशभूषा से सुसज्जित पांच प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर कर रहे थे, जिनके पीछे फूलों से सुसज्जित भव्य पालकी साहिब को श्रद्धालुगण लेकर चल रहे थे। श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी को ज्ञानी सुखदेव सिंह जी चांवर कर रहे थे। श्रद्धालुगण पालकी के आगे मार्ग की सफाई करके श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी के लिये मार्ग पर पुष्प बिछा रहे थे। प्रभात फेरी इंचार्ज स0 राजवन्त सिंह बग्गा, स0 कुलवंत सिंह एवं कुलदीप सिंह सलूजा नेतृत्व में गुरूद्वारा नाका हिण्डोला से चलकर यह नगर कीर्तन नाका हिंडोला चौराहा पहुँचा जहाँ सड़क के दोनों तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ श्री गुरू ग्रन्थ साहिब जी के दर्शन हेतु खड़ी थी चारबाग,गुरू नानक मार्केट,गौतम बुद्ध मार्ग,बांसमण्डी चौराहा,लाटुश रोड,श्री राम रोड,गनेश गंज, नाका हिंडोला होता हुआ गुरूद्वारा साहिब वापस पहुँचा जहाँ श्री गुरूग्रन्थ साहिब जी की शाही सवारी को "गार्ड ऑफ ऑनर" पेश किया गया।सम्पूर्ण मार्ग पर श्रद्धालुओं द्वारा स्टाल लगाकर खीर, समोसे, बिस्कुट व चाय इत्यादि प्रसाद के रूप में वितरित किये गये। नगर कीर्तन में खालसा इंटर कॉलेज के छात्रों द्वारा विशेष रूप से मार्शल आर्ट के करतब और जूडो पर आधारित युद्ध कला का प्रदर्शन किया गया जिसमें अनेक छात्रों ने हिस्सा लिया और अपने प्रदर्शन से देखने वाले लोगों का मन मोह लिया। इसी तरह गुरु नानक गर्ल्स इंटर कॉलेज चंदर नगर की छात्राओं ने भी मनमोहक बैंड के साथ अपनी प्रस्तुति दी और जिन्हें श्रद्धालुओं से बहुत वाह वाही मिली ।दीवान हाल में रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी द्वारा गुरबाणी कीर्तन के बाद ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने कथा व्याख्यान किया। अरदास के उपरान्त समूह साध संगत में गुरू का लंगर वितरित किया गया। लखनऊ गुरूद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष



स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने साहिब श्री गुरू नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) पर बधाई देते हुए बताया कि दिनांक 07.11.2022 सांय 6.00 बजे से 10.00 बजे तक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला दिनांक 08.11.2022 को प्रातः 5.30 बजे से सांय 4.00 बजे तक डी0ए0वी0 इंटर कालेज ऐशबाग रोड एवं शाम का दीवान सांय 6.00 बजे से 10.00 बजे तक गुरूद्वारा नाका हिण्डोला, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा ।श्री बग्गा ने बताया कि नवम्बर माह में गुरूद्वारा साहिब के 125 वर्ष सम्पूर्ण होने पर एक लेजर, साऊंड एवं स्टेज शो के कार्यक्रम का आयोजन दिनांक– 08.11.2022 को रात्रि 7.00 से 9.30 बजे तक डी.ए.वी.इंटर कालेज में किया गया है। जिसमें ताल गुरु प्रोडक्शन पटियाला के कलाकारों द्वारा गुरु नानक देव जी महाराज की शिक्षाओं पर आधारित लाइट, साउंड ,लेजर और स्टेज शो प्रस्तुत किया जाएगा। स्टेज सेक्रेट्री सतपाल सिंह मीत ने बताया कि इस अवसर समागम में प्रसिद्ध रागी जत्था भाई सुखवंत सिंह जी,श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर,भाई गुरचरन सिंह जी रसिया पटियाला वाले,भाई सुरजीत सिंह जी कानपुर वाले, विशेष रूप से पधार रहे हैं। गुरू का लंगर भी हजारों श्रद्धालुओं में वितरित किया जायेगा। महामंत्री हरमिन्दर सिंह टीटू ने बताया कि इस नगर कीर्तन में कई निष्काम जत्थे बंदियों सिख यंग मैन्स एसोसियेशन,दशमेश सेवा सोसाइटी,सिमरन साधना परिवार,दशमेश सेवा दल,सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी,माता गुजरी सत्संग सभा,सिख सेवक जत्था,यूथ खालसा एसोसियेशन,पंजाबी यूथ एसोसियेशन के अतिरिक्त लखनऊ स्थित सिंह सभाओं ने हिस्सा लिया। बैण्ड बाजों के साथ गुरूनानक गर्ल्स इण्टर कालेज,गुरूनानक विद्यालय चन्दर नगर की छात्राओं एवं खालसा इण्टर कालेज के छात्रों एवं छात्राओं ने पहली बार नगर कीर्तन में रंगा रंग कार्यक्रम पेश कर श्रद्धालुओं का मन मोह लिया लिया। 3 यू0पी0 नवल यूनिट एन0 सी0 सी0 100 कैडेट ने भाग लिया।

# ट्रेन में दुष्कर्म के बाद हत्या: 'खाकी' ने की दरिंदगी : सिपाही समेत चार गिरफ्तार

मुरादाबाद ब्यूरो : चंदौसी स्टेशन पर बरेली–अलीगढ़ पैसेंजर ट्रेन में हत्या के बाद जिस युवती का शव मिला था, उसके साथ दुष्कर्म भी हुआ था। स्लाइड जांच में दुष्कर्म की पुष्टि के बाद पुलिस ने हत्या के अलावा दुष्कर्म की धारा बढ़ा दी है। इस मामले में बरेली जीआरपी के सिपाही नीरज कुमार समेत चार लोगों को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपी सिपाही निलंबित कर दिया है। बरेली में निजी कंपनी में नौकरी करने वाली अलीगढ़ निवासी 23 वर्षीय युवती का शव 29 जून को बरेली से अलीगढ़ जाने वाली पैसेंजर ट्रेन की दिव्यांग बोगी में मिला था। पोस्टमार्टम में गला दबाने की पुष्टि होने पर चंदौसी जीआरपी थाने में अज्ञात पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। युवती के परिजनों ने कॉल रिकॉर्डिंग और पुरानी बातचीत के आधार पर चार लोगों पर संदेह जताया था। इसके बाद जीआरपी ने बरेली के कारपेंटर इश्तियाक अहमद, बरेली की निजी कंपनी में काम करने वाले शाहजहांपुर के एसआर राजपूत उर्फ शीशराम, अलीगढ़ के अवधेश कुमार और बरेली जीआरपी के सिपाही नीरज कुमार को मामले में आरोपी बनाया था। पोस्टमार्टम के समय बनाई गई स्लाइड की जांच में युवती के साथ दुष्कर्म की बात सामने आई है। स्लाइड रिपोर्ट मिलने पर पुलिस ने दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी रेलवे अपर्णा गुप्ता



ने बताया कि चारों को जेल भेज दिया गया है। इनमें शामिल बरेली जीआरपी के सिपाही नीरज कुमार को निलंबित कर दिया है। डीएनए जांच के लिए सैंपल लेंगे एसपी अपर्णा गुप्ता ने बताया कि युवती के साथ दुष्कर्म के आरोपियों की पहचान करने के लिए डीएनए जांच कराई जाएगी। डीएनए जांच के लिए चारों आरोपियों का सैंपल लिया जाएगा। ट्रेन में ही हुई थी हत्या चंदौसी जीआरपी टीम की शुरुआती जांच में युवती के बरेली स्टेशन पर खुद ट्रेन में सवार होने की बात सामने आई है। इससे स्पष्ट हो गया है कि युवती की हत्या ट्रेन में ही की गई थी।

# 210 गांवों में सुधरेगी बिजली व्यवस्था : अब 24 घंटे आपूर्ति की होगी व्यवस्था

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर मंडल के 210 गांवों को जल्द ही 49 करोड़ रुपये की लागत से 24 घंटे बिजली आपूर्ति मिलेगी। प्रदेश सरकार के निर्देश पर पावर कारपोरेशन ने जोन के मुख्य अभियंता से सर्वे करवाकर पूरी रिपोर्ट मांगी थी। लगभग एक सप्ताह पहले मुख्य अभियंता ने चारों जिलों के अभियंताओं से सर्वे करवाकर रिपोर्ट सौंप दी। मंडल के चार जनपदों के नगर पालिका और नगर निगम के सीमा विस्तार में शामिल करीब 210 गांवों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति का लक्ष्य हासिल करने के लिए कई बिजली घरों व ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही इन गांवों में जर्जर तारों व खंभों को भी दुरुस्त किया जाएगा। योजना के मुताबिक, इस लक्ष्य के धरातल पर पूरा होने के बाद गांवों को शहरी शेड्यूल के मुताबिक बिजली मिलने लगेगी। अभी तक इन गांवों को ग्रामीण शेड्यूल के हिसाब से 18 घंटे ही बिजली मिलती है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शहरी क्षेत्रों को 24 घंटा व ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे आपूर्ति देने का निर्देश दे रखा है।



बीते दिनों नगर पालिकाओं के विस्तार की घोषणा हुई। इसमें बड़ी संख्या में गांवों को नगर निकायों में शामिल कर वहां सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। नगर निकायों में शामिल गांवों में सड़क, नाली, पेयजल, शौचालय आदि के अलावा 24 घंटे बिजली की सुविधा महत्वपूर्ण आयाम है। मुख्य अभियंता आशू कालिया ने बताया कि नगर पालिका और नगर निगम ने कुल 210 गांवों में बिजली विस्तारीकरण का प्रस्ताव भेजा है। स्वीकृति मिलते ही काम शुरू करवा देंगे।

# साबेन्द्र कुमार यादव को बोधगया बिहार में मिला "राष्ट्रीय सरस्वती अवार्ड 2022"

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : हमेशा ही अपने नवाचारों से अपनी पहचान बनाने वाले प्राथमिक विद्यालय महमदपुर सहादतपुर बरसठी जौनपुर में कार्यरत नवाचारी शिक्षक साबेन्द्र कुमार यादव ने एक बार फिर जौनपुर को गौरवान्वित किया है कई राज्यस्तरीय सम्मान से सम्मानित हो चुके साबेन्द्र कुमार यादव को बिहार राज्य के बोधगया में "राष्ट्रीय सरस्वती अवार्ड 2022" से सम्मानित किया गया है देश भर से 100 नवाचारी शिक्षकों के साथ साबेन्द्र कुमार यादव को बोधगया विहार में रविवार को हुए भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। बोधगया बिहार में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय शैक्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को बाल रक्षक प्रतिष्ठान के संस्थापक मनोज चिंचोरे, नरेश बाघ महाराष्ट्र एवं राष्ट्रपति अवार्ड विजेता बिहार के हरिदास शर्मा द्वारा आयोजित किया



गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप आई आई टी पटना के डायरेक्टर प्रो. टी.एन. सिंह, आभा सिंह एससीईआरटी पटना, प्रो. डॉ. रेखा अग्रवाल, प्रो कुशल किशोर, डॉ रमेश कुमार सिंह, जागृति कला आदि मौजूद रहे।

# डबल इंजन की सरकार पर जनता को पूरा भरोसा– मुकुल


हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : भारतीय जनता पार्टी के नेता मुकुल सिंह आशा ने कहा कि आज लखीमपुर की गोला गोकर्णनाथ उप चुनाव



में जनता ने भाजपा प्रत्याशी अमन गिरी को विजयी बनाकर एक बार फिर मोदी जी–योगी जी में जहाँ विश्वास व्यक्त किया वहीं डबल इंजन की सरकार की नीतियों में अपना भरोसा व्यक्त किया है। विधायक अमन गिरी जी अब अपने कार्यो से स्व.अरविन्द गिरी जी के सपनों को पूरा करेंगे। भाजपा नेता मुकुल सिंह ने लखीमपुर की गोला विधानसभा की समस्त जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह जीत समस्त गोला विधानसभा की सम्मानित जनता की है जिन्होंने एक बार पुनः भरोसा जताते हुए भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाया। आप सभी लोग इस डबल इंजन की सरकार पर भरोसा जताते हुए देश में पुनः 2024 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में

# कई काल खंडों के इतिहास को समेटे है भारतभारी : हनुमान जी को यहीं लगा था भरत का बाण

सिद्धार्थनगर ब्यूरो : सिद्धार्थनगर जिले के डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के भारतभारी स्थित धार्मिक एवं पौराणिक महत्व के प्रमुख तीर्थ स्थल अपने दामन में इतिहास के कई कालखंडों का रहस्य समेटे है। पौराणिक महत्व के अलावा ऐतिहासिक धरोहर के रूप में प्रसिद्ध इस स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा को लगने वाले मेले में क्षेत्रीय लोगों के अलावा देश के विभिन्न शहरों से लोग आते हैं। वे यहां पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजा पाठ करते हैं। भरत कुंड जलाशय, प्राचीन शिव मंदिर, रामजानकी मंदिर, मां दुर्गा व हनुमान जी का मंदिर यहां की शोभा बढ़ाने के साथ ही श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। यहां पर स्थित भरत कुंड सरोवर का पानी स्वच्छ व निर्मल रहता है। इस सरोवर में अवांछित एक तिनका भी नहीं दिखाई देता। इनमें मौजूद मछलियों के शिकार पर प्रतिबंध है। यही कारण है कि इसमें बड़ी–बड़ी मछलियां जल कीड़ा करती हैं तो हर कोई देखता रह जाता है। यहां पर कार्तिक पूर्णिमा के अलावा विभिन्न त्योहारों पर भी मेले का आयोजन होता है। जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल होकर पवित्र सरोवर में स्नान कर पूजा अर्चना करते हैं। यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत कर रहा भारतभारी भारतभारी स्थित प्राचीन पोखरे के एक छोर पर शिवलिंग स्थापित है तो दूसरी तरफ पीर बाबा का स्थान है। जहां पर दोनों समुदायों के लोग अपनी मिन्नतों के लिए जाते हैं। भारतभारी सदियों से सांप्रदायिक एकता और आपसी सौहार्द को मजबूती प्रदान करने का काम कर रहा है। कार्तिक पूर्णिमा के एक सप्ताह तक चलने वाले मेले में सभी धर्म समुदाय के लोग शामिल होते हैं। हनुमान जी को यहीं लगा था भरत का बाण ऐसी मान्यता है कि त्रेता युग में श्रीराम रावण युद्ध के दौरान जब मेघनाथ लक्ष्मण पर वीरघातिनी शक्ति बाण का प्रयोग किया और लक्ष्मण मूर्च्छित हो गए थे। सुषेन वैद्य के कहने पर हनुमान जी संजीवनी बूटी लेकर आकाश मार्ग से लौट रहे थे, तो इसी स्थल पर पूजा कर रहे भरत ने अयोध्या का कोई शत्रु समझ कर बाण चला दिया था। बाण लगने से हनुमान जी पर्वत के साथ वहीं गिर पड़े थे, जिससे उक्त स्थल पर सरोवर का उदय हुआ था। एक अन्य मान्यता यह भी है कि महाराज दुष्यंत के पुत्र भरत ने इसे अपनी राजधानी बनाया था। इस कारण इसका नाम भारतभारी पड़ा, जो बहुत बड़े नगर के रूप में स्थापित हुआ था। एक अन्य मान्यता के अनुसार, राम रावण युद्ध में जब रावण के वध के लिए श्रीराम पर ब्रह्म हत्या आरोप लगा था। कोई पुरोहित उसके



निवारण के लिए तैयार नहीं हुआ तो गुरु वशिष्ठ ने कन्नौज से दो बालकों को अयोध्या लाकर जनेऊ कराकर यज्ञ पूर्ण कराया तब उनका ब्रह्म हत्या दोष दूर हुआ। लेकिन वापस घर जाने पर बालकों को उनके घर वालों ने त्याग दिया। फलस्वरूप वे पुनः वशिष्ठ जी से मिले तब श्रीराम ने बाण चला कर कहा कि जहां यह बाण गिरे, वहीं अपना निवास स्थान बना कर जीवन व्यतीत करें। वह बाण भारतभारी में गिरा, जिससे इस विशाल सरोवर का निर्माण हुआ। भारतभारी का इतिहास में भी है वर्णन यूनाइटेड प्राविंसेज ऑफ अवध एंड आगरा के खंड 32 वर्ष 1907 के पृष्ठ 96,97 पर इस स्थल का उल्लेख मिलता है। वर्ष 1875 में भारतभारी में आयोजित कार्तिक पूर्णिमा के मेले में 50 हजार दर्शनार्थी शामिल हुए थे। भारतभारी निवासी अधिवक्ता रमेश पांडेय ने बताया कि भारतभारी को लेकर भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (आरकोलाजिकल सर्वे ऑफ इंडिया) 1996–97 के अनुसार, कुषाण कालीन सभ्यता का प्रमाण भी मिला है। सरकार को भारतभारी को प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करना चाहिए ताकि भारतभारी को लेकर पूरी दुनिया के लोग जानकारी हासिल कर सके। प्रयागराज के प्रसिद्ध कुंभ मेले की तरह यहां के कार्तिक पूर्णिमा के मेले में भी प्रशासन को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए। गोरखपुर विश्वविद्यालय में संरक्षित हैं यहां पर मिले अवशेष कई वर्ष पूर्व बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के प्रोफेसर सतीश चंद्र व एसएन सिंह सहित गोरखपुर विश्वविद्यालय के डॉ. कृष्णा नंद त्रिपाठी ने भारतभारी का स्थलीय निरीक्षण करके मूर्तियों, धातुओं पुरा अवशेषों के अवलोकन के बाद टीले के नीचे एक समृद्ध सभ्यता होने की बात कही थी। लोगों का कहना है कि भारतभारी में प्राचीन टीले व कुएं के नीचे दीवारों के बीच में खुदाई के दौरान कहीं–कहीं लगभग आठ फीट लंबे नर कंकाल मिलते हैं, जो छूते ही राख में तब्दील हो जाते हैं। शोधकर्ताओं द्वारा भारतभारी से ले जाए गए अवशेषों को गोरखपुर विश्वविद्यालय के प्राचीन इतिहास विभाग के संग्रहालय में संरक्षित किया गया है। इसे वहां पर देखा जा सकता है।

# देव दीपावली उत्सव के लिए पूरी तरह तैयार है काशी : घाटों पर 3डी प्रोजेक्टर मैपिंग शो का किया गया आयोजन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वाराणसी में देव दीपावली समारोह को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस आयुक्तालय ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए हैं। इस वर्ष देव दीपावली के उपलक्ष्य में वाराणसी के घाटों पर 3डी प्रोजेक्टर मैपिंग शो का आयोजन किया जाएगा। देव दीपावली पर अन्य आकर्षणों की एक श्रृंखला भी होगी जिसमें घाटों को सजाते हुए गंगा के तट पर 10 लाख से अधिक मिट्टी के दीपक जलाए जाएंगे। हालांकि इस मेगा इवेंट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य वीवीआईपी के शामिल होने की उम्मीद 7 नवंबर को है, लेकिन समारोह 5 नवंबर से शुरू होगा। "यह पहली बार है कि 7 नवंबर को चेतसिंह घाट पर एक शो को प्रसारित करने के लिए एक 3 डी प्रोजेक्टर मैपिंग तकनीक का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, घाट पर छवियों को चित्रित करने के लिए लगभग 20 हेवी ड्यूटी लेजर प्रोजेक्टर का उपयोग किया जाएगा जो कि संचार को प्रभावित करेगा। शो में घाटों पर विभिन्न रंगीन छवियों को चित्रित करने के लिए प्रोजेक्टर से प्रोग्राम किया जाएगा, जो इसे एक वास्तविक रूप देगा। शो का विषय 'माँ गंगा का पृथ्वी लोक पर अवतार' होगा, जो माँ गंगा की कहानी को उजागर करेगा, "प्रीति श्रीवास्तव, उप निदेशक, पर्यटन ने कहा कि चित्र और ध्वनि घाट की दीवारों को कैनवास के रूप में उपयोग करके एक रंगीन प्रभाव देंगे, जबकि पृष्ठभूमि संगीत और ध्वनि पूरे आयोजन को एक आकर्षक ऑडियो–विजुअल प्रभाव देगी। 7 नवंबर को मुख्य कार्यक्रम के अलावा, शहर 5 नवंबर और 6 नवंबर को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला का गवाह बनेगा। 5 नवंबर को, रामजनम योगी, दुर्गा प्रसाद प्रसन्ना, रूबी मिश्रा, राजीव कुमार मलिक, विशाल कृष्ण और अन्य कलाकार शामिल होंगे। इसी तरह 7 नवंबर को अमलेश शुक्ला, कुमार अंबरीश शंकर, गणेश मिश्रा समेत अन्य कलाकार प्रस्तुति देंगे। 7 नवंबर को 3डी प्रोजेक्टर मैपिंग के अलावा काशी विश्वनाथ घाट पर एक मेगा आतिशबाजी शो की भी योजना है जिसे कोरियोग्राफ किया गया है और डोम एंटरटेनमेंट द्वारा निष्पादित किया जाएगा। श्री मजहर नाडियाडवाला, एमडी, डोम एंटरटेनमेंट और संजय प्रताप सिंह ने कहा कि, "हमें इस परियोजना को तीन दिन पहले निष्पादित करने के लिए जनादेश दिया गया था और हमने सिंक्रनाइज संगीत आतिशबाजी के साथ बजाए जाने के लिए एक विशेष संगीत ट्रैक बनाया है और लेजर शो। हम यूपी पर्यटन विभाग के आभारी हैं कि उन्होंने इस परियोजना के लिए हम पर भरोसा किया है और हम इस शो को अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता और उनकी उम्मीदों पर खरा उतरना सुनिश्चित करेंगे। " प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर की फूलों की सजावट एक और प्रमुख आकर्षण होगा। इसे अब तक की सबसे बड़ी फूलों की सजावट कहा जा रहा है, जिसमें करीब 80 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया कि देव दीपावली के अवसर पर लाखों पर्यटकों के आने की संभावना है. "इसलिए, पूरे शहर, विशेष रूप से काशी विश्वनाथ मंदिर को पर्यटकों के स्वागत के लिए बड़े पैमाने पर सजाया जाएगा। काशी विश्वनाथ मंदिर को सजाने के लिए विशाखापत्तनम से एक विशेष डेकोरेटर को इस कार्य के लिए बुलाया गया है, उन्होंने कहा कि देव दीपावली समारोह के दौरान पर्यटकों की सुविधा और किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

# नपाप के चुनाव को लेकर रालोद की मासिक बैठक सम्पन

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : राष्ट्रीय लोकदल जौनपुर की मासिक बैठक तारापुर स्थित जिला कार्यालय पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष डा०सत्येन्द्र सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में आगामी नगर पालिका




परिषद/ नगर पंचायत चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।साथ साथ वोटर लिस्ट में जांच कर जिसका नाम नहीं है उसे जुड़वाने और जो गलत नाम जुड़ गया है उसे कटवाने के लिए कहा गया। नगर पालिका परिषद/ नगर पंचायत चुनाव के लिए जिला प्रभारी डा०एस०ए०रिजवी को मनोनीत किया गया है।जिले के समस्त वार्डों से चुनाव मैदान में प्रत्याशी उतारना है। बैठक में मुख्य रूप से सुनील सिंह, प्रदीप तिवारी, महेंद्र विश्वकर्मा,विनय कुमार यादव, बांकेलाल शुक्ल , शमशेर अली,समर जीत यादव, राधे श्याम, अजीत यादव, उपेन्द्र श्रीवास्तव, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, सुनील दुबे आदि रहे।

# डायट जौनपुर में जनपद स्तरीय कला क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जौनपुर में प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक डॉ सच्चिदानंद यादव जी के निर्देशन में 2022 –23 चतुर्थ जनपद स्तरीय काल क्राफ्ट एवं पपेट्री प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य /उप शिक्षा निदेशक डॉ सच्चिदानंद यादव जी ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्राथमिक विद्यालय के भाषा एवं गणित तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय से गणित एवं विज्ञान के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया । प्रतिभागियों द्वारा विभिन्न प्रकार के पपेट्री का सामान्य रूप से उपलब्ध सामग्रियों द्वारा जैसे कागज गत्ते से वेस्ट मटेरियल से पासे एवं खिलौने मुखौटे आदि का निर्माण किया गया। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य प्राथमिक विद्यालय के शिक्षण कार्य में कठिन विषयों को कलात्मक कलाकृतियां के माध्यम से कैसे सरलता से समझाया जाए पर प्रकाश डाला। प्रभारी वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ रवीन्द्र नाथ यादव ने प्रतिभागियों




का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मंडल में सल्तनत बहादुर पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर बृजेंद्र सिंह प्रोफेसर धीरेंद्र कुमार पटेल एवं डॉक्टर कर्मचंद यादव तथा डायट प्रवक्ता श्री धर्मेंद्र शर्मा (सांख्यिकी )एवं श्री नीरज मणि तिवारी प्रवक्ता (भौतिक विज्ञान )आदि रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रवक्ता (कला ) श्री राजकुमार रहे तथा श्री वरुण कुमार यादव एवं श्री विनय कुमार यादव का सहयोग रहा। कार्यक्रम में श्रीमती किरण त्रिपाठी, श्री अमित यादव श्रीमती मंजू लता यादव डॉ सोनू भारती श्री अखिलेश कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के अध्ययता में मासिक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष लालबहादुर यादव के अध्ययता में मासिक संपन्न बैठक को संम्बोधित करते हुए कहा कि वोटर लिस्ट जो जारी किया गया उसका मंथन कर बचे हुए नामों को जुडवाने का काम करें वहीं नगरपालिका नगर पंचायत चुनाव की चर्चा करते हुए कहा जिस तरह जौनपुर के नगरपालिका क्षेत्र का विस्तार किया गया और गावों को बढाया गया वह आज तक कभी इस तरह से एक तरफ के गांवों को बढाया नहीं गया जब भी विस्तार हुआ है नगर पालिका क्षेत्र के चारों तरफ के गावों को बढाया गया तब यही नियम संगत भी है लेकिन किस दबाव से इस बार का परिसीमन किया और गांवों का चयन किया गया यह समझ के बाहर है चुनाव आयोग से हमारी मांग है फिर से बढें हुए गावों पर विचार करें उसको चारों तरफ से बढ़ाने का काम करें कहा आरक्षण आने के बाद समाजवादी पार्टी




कैंडिडेटओं का आवेदन लेगी और पार्टी के नेताओं कार्यकर्ताओं विधायक पूर्व विधायक हर एक प्रत्याशी पर चर्चा कर उसे राष्ट्रीय नेतृत्व तक भेजने का काम करेंगे हमारी प्राथमिकता समाजवादी पार्टी के समर्पित व टिकाऊ कार्यकर्ता ही लड़ेंगे नगर पंचायत नगर पालिका और.सभासद का चुनाव बैठक मे मुख्य रूप से पूर्व मंत्री दीपचंद सोनकर, श्याम बहादुर पाल,प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, दीपचंद राम,श्रवण जयसवाल, राजेश यादव, पूनम मौर्या,रुखसार अहमद लाल मोहम्मद रानी अनवारुल हक गुड्डू राजकुमार बिन्द,आंनद मिश्रा मालती निषाद, रमेश साहनी,डां शबनम नाज,राजेन्द्र यादव, कौशल यादव, धर्मेंद्र सोनकर आदि संचालन जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

# विधि विधान से किया गया तुलसी शालिग्राम विवाह

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली(हरदोई) : कस्बे के काफी घरों में महिलाओं ने तुलसी शालिगराम का विवाह बड़ी विधि विधान से किया। तुलसी सालीग्राम का विवाह कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की एकादशी जिसे देवत्थनी एकादशी या तुलसी शालिगराम विवाह एकादशी के नाम से जाना जाता है इस दिन चतुर्मास के बाद भगवान नारायण अपनी निद्रा से उठते हैं तथा तुलसी के साथ शालिग्राम का विवाह भी आज के दिन मनाया जाता है। यह विवाह जालंधर की पत्नी वृंदा के साथ भगवान ने छल करके किया था। तब



वृंदा ने भगवान विष्णु को श्राप दिया कि तुम पत्थर हो जाओ । वृंदा ने भगवान विष्णु के श्राप की कथा इस प्रकार है कि समुद्र से उत्पन्न हुआ जालंधर बहुत बलवान दुराचारी था जिसका विवाह वृंदा नाम की कन्या से हुआ था वह कन्या बहुत बड़ी पतिव्रता थी भगवान शंकर और जालंधर का युद्ध हुआ जिसमें उसे यह वरदान था कि उसकी पत्नी वृंदा का पतिव्रत धर्म नष्ट होगा तभी जालंधर का वध होगा। भगवान विष्णु ने जाकर जालंधर का रूप बनाकर वृंदा का पतिव्रत धर्म नष्ट कर दिया तब उसने उन्हें श्राप दिया उसके बाद वह अपने पति के साथ सती हो गई। उसकी मिट्टी से भगवान ने तुलसी को उत्पन्न किया और उसके बाद उससे विवाह किया। तभी से विवाह उत्सव मनाया जाता है। सौभाग्यवती स्त्रियां तुलसी माता को समस्त सुहाग की वस्तुएं व साड़ी चुनरी चढ़ाती हैं। विवाह हर वर्ष देवउठनी एकादशी से लेकर कार्तिकी पूर्णिमा तक किया करती हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करती हैं।

# पारिवारिक मामलों के अधिकतम वादों के निस्तारण हेतु प्री–ट्रायल की चतुर्थ बैठक आयोजित

जौनपुर सू.वि. : राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण व उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर श्रीमती वाणी रंजन अग्रवाल, के संरक्षण में 12 नवम्बर 2022 को प्रस्तावित राष्ट्रीय लोक अदालत में परिवार न्यायालयों में लम्बित अधिकतम वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में विचार–विमर्श हेतु सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर विवेक विक्रम के संयोजन एवं प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्रीमती रीता कौशिक की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में आज 07 नवम्बर 2022 को समय 04:00 बजे बैठक आहूत की गयी। बैठक में प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्रीमती रीता कौशिक, द्वारा समस्त अपर प्रधान न्यायाधीश को आगामी लोक अदालत में अधिकतम मामलों के निस्तारण हेतु वादों को चिन्हित करने एवं पक्षकारों को समन/नोटिस प्रेषित कर लोक अदालत में वादों के निस्तारण के लाभों को बताते हुए पक्षकारों को प्रेरित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम द्वारा लोक अदालत के मामलों के निस्तारण से होने वाले लाभ जैसे–निस्तारण हेतु किसी प्रकार का न्याय शुल्क देय नहीं होना, लोक अदालत में निस्तारण कर लम्बित मामलों मे न्याय शुल्क की वापसी की व्यवस्था, लोक अदालत के निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं होना बताकर लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों को निस्तारण करवाकर लोक अदालत को सफल बनाये जाने की अपील की गयी। इस अवसर पर अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम विजय कुमार गुप्ता एवं सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विवेक विक्रम व परिवार न्यायालय के कांउसलर भी उपस्थित रहे।

# बाल युवा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा बाल एवं युवा कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । प्रदेश उपाध्यक्ष प्रधानाचार्य परिषद मुख्य अतिथि डॉ. राम यश सिंह यादव को उक्त अवसर पर भागवत गीता अंग वस्त्रमं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि डॉ राम यश सिंह यादव ने कहा कि आप ही देश के भविष्य हैं आप में ही कोई नेता, अभिनेता, अधिकारी होगा। संस्था के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया है। इससे स्पष्ट होता है कि बच्चों में असीम संभावनाएं एवं अपार प्रतिभा होती है । हमारी भारतीय संस्कृति पूरी दुनिया को प्रभावित करती रही है हमारे यहां लोग आचार– विचार दर्शन सीखने के लिए आते रहे हैं ।आप सब ने हमें सम्मानित किया इसके लिए मैं संस्था का आभारी हूं । उक्त अवसर पर लोक गायक चंद्रमा प्रसाद यादव को सम्मानित किया गया । कलाकारों में बृजेश, सोनम जायसवाल, शिवांगी मौर्य , श्रेया मौर्य के द्वारा उत्कृष्ट शानदार प्रस्तुति पर संस्था द्वारा सम्मानित किया गया ।विशिष्ट अतिथि अमित श्रीवास्तव प्रसिद्ध रंगकर्मी ब्रांड एंबेसडर नगर निगम वाराणसी ने कहा कि काशी कला की भूमि देवभूमि पौराणिक नगरी में '' गंगा अवतरण '' गंगा स्वच्छता पर नृत्य नाटिका कर रहा हूं । मैं भारत वर्ष में 130 बार नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर चुका हूं। जिसे प्रधानमंत्री ,मुख्यमंत्री द्वारा भी हमारे नृत्य नाटिका को देखा गया और सम्मानित भी किया



गया। युवाओं को बताना है की युवाओं को पता ही नहीं है कि हमारी भारतीय संस्कृति है क्या ? कला संस्कृति पर हम सब कार्य करते हैं भारतीय संस्कृति नृत्य कला, गायन, चित्र लेखन, पट् लेखन से युवाओं को जोड़ना ही हैं ।हमारा प्रयास है कि युवाओं में यह बीज जड़ से डाला जाए कि भारतीय संस्कृति ही भारत का उत्थान और हमारी पहचान है। वरिष्ठ अधिवक्ता पूर्व चेयरमैन चाइल्ड वेलफेयर कमेटी वाराणसी रेखा श्रीवास्तव ने बाल अधिकार एवं पॉक्सो एक्ट बालकों के प्रति लैंगिक हिंसा अधिनियम 2012 के प्रावधानों, बाल संरक्षण, किशोरों का आयु निर्धारण, मेडिकल बोर्ड के कार्य ,सुरक्षा, गुड –टच, बैड– टच और मौजूदा कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से बच्चों को अवगत कराया। कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय ने सभी कलाकारों एवं अतिथियों को सम्मानित कर आभार व्यक्त किया ।

# प्रस्तावित नगर निगम और नगर पंचायतों के चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस ने की बैठक

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्रस्तावित नगर निगम और नगर पंचायतों के चुनाव की तैयारी के लिए कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस द्वारा नगर पंचायत के लिए बनाए गए प्रभारियों की बैठक संपन्न हुई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश यादव के अध्यक्षता में हुई ।बैठक का संचालन नगर पंचायत चुनाव के जिला प्रभारी अनिल सिंह ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा नगर पंचायत चुनाव कांग्रेस पूरी इमानदारी और ताकत के साथ लड़ेगी ।इसके लिए पूरे जिले में प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं जो अपने प्रभाव क्षेत्र में जाकर यह प्रयास कर रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी से हर नगर पंचायत में मजबूत प्रत्याशी चुनाव में उतरे। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा वर्तमान समय में आम आदमी भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से पूरी तरह त्रस्त हैं और कांग्रेसी पूरे देश में मुख्य विपक्षी दल की भूमिका निभा रही है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा महंगाई ने आम जनता का जीना हराम कर के रख दिया है महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे को जनता के बीच ले जाकर जनता का विश्वास जीत सकते हैं। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने बताया कि जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नगर पंचायत चुनाव की तैयारी के लिए पूरे जिले में बैठकों का कार्यक्रम घोषित किया है। इन बैठकों के माध्यम से मजबूत प्रत्याशियों के आवेदन लिए जाएंगे। जिसके तहत 9 नवंबर को कामाख्या भवानी तथा रुदौली में प्रभारी शैलेंद्र पांडे तथा विजय पांडे के संयोजन में बैठक आयोजित की जाएगी। 10 नवंबर को कुमारगंज तथा सुचिता गंज में प्रभारी दिनेश शुक्ला व रुद्र प्रताप सिंह विशु के संयोजन में, 12 नवंबर को बीकापुर तथा भदरसा में प्रभारी रामकरण कोरी व राजकुमार मौर्य तथा राजकुमार सिंह के संयोजन में ,15 नवंबर को गोसाईगंज में प्रभारी अनिल तिवारी के संयोजन में बैठकें आयोजित की जाएगी। 16 नवंबर को महानगर अध्यक्ष वेद कुमार सिंह कमल के संयोजन में कांग्रेस कार्यालय पर नगर निगम चुनाव की तैयारी की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास बर्मा, अनिल तिवारी ,अभिषेक मिश्रा, महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल, संजय तिवारी, शैलेंद्र पांडे, दिनेश शुक्ला, रामकरण कोरी ,राजकुमार सिंह, उमेश उपाध्याय, संजय तिवारी,अब्दुल हकीम ,महेश वर्मा ,प्रवीण श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह ,तबरेज, चांद ,अबू बकर , शिव कुमार निषाद आदि उपस्थित रहे।

## चोरी से काटे गये अर्जुन के पेड का मामला गरमाया : उपजिलाधिकारी सोहावल ने मामले की पटाक्षेप करने के लिए वन विभाग को लिखा पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोहावल क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग अरकुना के ढाबा के सामने सरकारी अर्जुन पेड काटने के मामले को लेकर उपजिलाधिकारी मनोज कुमार श्रीवास्तव ने संज्ञान मे लेते हुए जिला वनाधिकारी से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियो के प्रति कार्यवाही करने के लिए विभागीय पत्र भेजा।मालूम हो कि विगत तीन दिन पहले रौनाही थाना क्षेत्र अरकुना चौराहे के ढाबे के सामने चार सरकारी अर्जुन का पेड चोरी से काट लिया गया। शोसल मिडिया मे खबर वायरल होने पर संबधित विभाग के अधिकारियो मे भी खलबली मची। अधिकारियो के रूख एव बचाव मे आए टास्क फोर्स प्रभारी ने नामजद लोगो के विरुद्ध चार के स्थान पर महज दो पेड काटने वालो के विरूद्ध तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाने का मामला चर्चा मे आया। इस बाबत मे उपजिलाधिकारी सोहावल मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामला तहसील क्षेत्र का होने के कारण कर्मियो द्वारा दी गयी तहरीर तथा पेडो की संख्या चार अथवा केवल दो पेड का आरोप लगाकर की गयी कार्यवाही किए जाने की सच्चाई उजागर करना आवश्यक था। इसी मद मे सही तथ्यो के साथ उक्त मामले की जांचकर दोषी चोरी की कटान एवं कर्मियो के विरूद्ध जांच कर कार्यवाही करने के लिए वनाधिकारी अयोध्या को पत्र को पत्र भेजा गया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से निजी फाइनेंस कर्मी की मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) राष्ट्रीय राजमार्ग पर नगर कोतवाली के नाका क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्य युवक की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बताया गया कि वर्तमान में एक निजी वाहन फाइनेंस कंपनी में कार्यरत 35 वर्षीय आशुतोष मिश्रा पुत्र शत्रुघ्न प्रसाद निवासी सराय खरगी कोतवाली बीकापुर जिला अयोध्या शनिवार को एक निजी कंपनी में भर्ती के लिए साक्षात्कार देने लखनऊ गया था। देर रात लगभग 9:15 हुआ सवारी वाहन से जनपद पहुंचा और वाहन से उतर कर अपने घर जाने के लिए वाहन की तलाश में जा रहा था। इसी दौरान उधर से गुजर रहे वाहन ने उसको टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से गंभीर घायल आशुतोष को जिला अस्पताल भिजवाया। रात 9.25 बजे जिला अस्पताल पहुंचने पर परीक्षण का इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने उसको मृतक घोषित कर दिया। जेब से मिले आधार कार्ड पर उसका पता बजरंग चौक डॉ राजेंद्र नगर पोस्ट रविसान वार्ड नंबर 42 जिला रायपुर छत्तीसगढ़ दर्ज मिला। हालांकि बाद में जानकारी हुई थी वह बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सराय खरगी का रहने वाला था। कोतवाली पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। शिकायत के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## इस्लाम और इंसानियत पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन : समाजसेवी द्वारा गरीबों को वृहद स्तर पर कंबल का किया गया वितरण

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) विकासखंड क्षेत्र के सोनखरी स्थित ग्लोबल इंटर कॉलेज के मैदान में रविवार को कंबल वितरण समारोह एवं ''इस्लाम और इंसानियत'' विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम सामाजिक संस्था फलाहुल मुस्लिमीन, सोनखरी व जमीअत–ए–उलमा–ए–हिंद जनपद–अयोध्या फैजाबाद आयोजित किया गया है। इस अवसर पर राम जन्मभूमि अयोध्या के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा कि सिर्फ इस्लाम ही नहीं इंसानियत सभी धर्मों का मूल है। इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं है। कार्यक्रम के आयोजक मौलाना अहमद सिराज कासमी ने सामाजिक संस्था फलाहूल मुस्लिमीन सोनखरी के चेयरमैन मौलाना अहमद सिराज उमरी कासमी ने इस्लाम में मानवता नामक गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हम किसी को तकलीफ ना पहुंचाएं यही सच्ची मानवता है। यह मानवता समाज को दिखनी चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लखनऊ हाई कोर्ट के एडिशनल एडवोकेट जनरल मदन मोहन पांडेय ने कहा कि मानवता इस्लाम का एक अंग है। मानवता हर धर्म और हर व्यक्ति में होती है इंसानियत सभी धर्मों का सार है। कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत पाक ए कुरान से अब्दुर रहमान मसूर अख्तर नेकी कार्यक्रम में संस्था के उद्देश्य के बारे में हाजी मुशीर अहमद ने बताते हुए कहा कि जिस व्यक्ति में इंसानियत नहीं है, वह इस्लाम धर्म का अनुयाई कदापि नहीं हो सकता। जनाब मौलाना ने अपने संबोधन में कहा कि इस्लाम को मानने वाला झूठा, फरेबी, क्रूर, मतलबी और नफरत करने वाला कदापि नहीं हो सकता है। जनाब मौलाना ने जोर देते हुए कहा कि इस्लाम को मानने वाले व्यक्ति के रग–रग में इंसानियत बसी होनी चाहिए। तभी वह इस्लाम धर्म को मानने का हकदार होगा। इस अवसर पर इस्लाम सहित अन्य धर्मों पर अपनी मजबूत पकड़ का प्रदर्शन करते हुए एजाज साहब ने कहा कि मुस्लिम वादाखलाफी नहीं कर सकता, मौकापरस्त नहीं हो सकता, किसी भी धर्म और उसके अनुयायियों का अपमान नहीं कर सकता है। उन्होंने विषय पर बोलते हुए कहा कि इंसानियत इस्लाम की पहली सीढ़ी है। मुहम्मद अहमद कासमी आयोजक मौलाना साहब के दरियादिली की प्रशंसा करते हुए कहा कि दुनिया में रुपए पैसे बहुत लोगों के पास हो सकते हैं लेकिन गरीबों के लिए बहुत कम हाथ खुलते हैं। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत के पूर्व सदस्य पारसनाथ यादव ने कहा कि देश दुनिया को धर्म जात में बांटा जा रहा है। ऐसे हालात में सोनखरी का यह मंच जिस पर एक तरफ रामलला के मुख्य पुजारी आचार्य सत्येंद्र दास जी तो दूसरी तरफ बाबरी मस्जिद के मुद्दई रहे मौलवी मोहम्मद इकबाल अंसारी बैठते हैं। इससे बड़ी गंगा जमुनी तहजीब कहीं नहीं हो सकती है। जिलाध्यक्ष भाजपा संजीव सिंह ने विश्व बंधुत्व की भावना पर जोर देते हुए कहा कि बिना किसी भेदभाव के सबकी तरक्की सब के विकास के लिए काम करना इंसानियत है। कार्यक्रम के शुरुआत में संस्था द्वारा संचालित निशुल्क हॉस्पिटल के लिए एंबुलेंस का शुभारंभ भी किया गया। धर्मेंद्र कुमार ने गीत सुनाया कि मालिक ने हम सभी को इंसान बनाया। हमने उसे हिंदू मुसलमान बनाया। कार्यक्रम के समापन पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के उपस्थित 1000 गरीब महिलाओं पुरुषों को कंबल वितरित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अवधेश कुमार पांडे, महंत दिनेश शास्त्री, दुर्गा प्रसाद पांडे, हौसिला प्रसाद यादव, रशीद अहमद जिला पंचायत सदस्य हरिश्चंद्र निषाद दीपू कोरी, पवन कुमार गया प्रसाद निषाद ओसामा आदि लोग शामिल रहे। आयोजक मंडल द्वारा आगंतुकों का आभार जताया गया।

## जनपद अयोध्या थाना पूराकलन्दर द्वारा गुमशुदा को तलाश कर परिजनों को किया गया सुपुर्द

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के दिशा–निर्देशन में तथा श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण एवं गुमशुदा व्यक्तियो की तलाश हेतु चलाएँ जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या के नेतृत्व में वादिनी उर्मिला पान्डेय पत्नी उदय राम निवासी ग्राम छतिरवां थाना पूराकलन्दर जनपद अयोध्या की सूचना पर दर्ज गुमशुदगी के अनुक्रम में वादिनी के गुमशुदा पुत्र रामलगन पान्डेय को थाना पूराकलन्दर की पुलिस टीम द्वारा ग्राम छतिरवां थाना पूराकलन्दर से ही तलाश कर सकुशल वादिनी को सुपुर्द किया गया । पूछने पर बताया कि किसी कारण से घर से नाराज होकर चला गया था।

## अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा तत्वावधान में प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन व चित्रांश गौरव सम्मान समारोह सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चित्रांश वंशज महासभा के तत्वावधान में आयोजित शानदार एवम भव्य कार्यक्रम में 'उ0प्र0 सरकार के वन ,पर्यावरण एवम जलवायु परिवर्तन स्वतन्त्र प्रभार राज्यमंत्री अरुण सक्सेना ने वतौर मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि कायस्थ समाज भारत मे अनेक महान विभूतियों ने जन्म लिया है।उनके असाधारण कार्यो ने देश की सामाजिक विकास को नया आयाम दिया है।उन्होंने कहा कि देश के गौरवशाली इतिहास में कायस्थ समाज का अतुलनीय योगदान है।चुनावों में कायस्थ समाज को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम के 'विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरीशचंद्र श्रीवास्तव' ने सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने पर जोर दिया।प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि एकता और संगठित रहने से समाज को बल मिलता है। सम्मान समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार सक्सेब ने चित्र गुप्त भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर द्वीप प्रज्ज्वलित किया।उपस्थित जनसमुदाय द्वारा भगवान चित्रगुप्त की सामूहिक स्तुति एवम आरती की गई। कार्यक्रम में कायस्थ संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश खरे ,अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के उपाध्यक्ष मनोज कुमार सक्सेना ,अखिल भारतीय चित्रांश वंशज के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेंद्र माथुर ,प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमित श्रीवास्तव सहित अनेक सामाजिक संगठनों के नेताओं ने सामाजिक विकास एवम उन्नति हेतु अपने अपने विचार व्यक्त किये ।कार्यक्रम के संरक्षक एवम वरिष्ठ भाजपा नेता जयशंकर श्रीवास्तव ने बताया कि सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 'वरिष्ठ पत्रकार बी एन दास ,भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव,वरिष्ठ सर्जन डॉ हरिओम श्रीवास्तव, अधिवक्ता पीयूष रंजन ,अयोध्या महोत्सव अध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव,कायस्थ जागरण संस्थान भारत के राष्ट्रीय महासचिव राजन श्रीवास्तव,वरिष्ठ भाजपा



नेता नीरज श्रीवास्तव रिंकू, प्रशासनिक अधिकारी सर्वेश मोहन ,,भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अनूप श्रीवास्तव,जनसूचना अधिकार विशेषज्ञ अधिवक्ता धनुष श्रीवास्तव ,आलोक खरे ,वृरिष्ठ संवाददाता प्रमोद श्रीवास्तव, अभिषेक श्रीवास्तव, नितिन श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव (उर्दू अकादमी),सुभाष चन्द्र श्रीवास्तव,पूर्व प्राचार्य अजय मोहन श्रीवास्तव , अरुण कुमार श्रीवास्तव ,रामकृष्ण श्रीवास्तव,इंजीनियर एस एन लाल ,विभिन्न कायस्थ संगठनों के पदाधिकारियों सहित पचास व्यक्तियों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अरुण कुमार सक्सेना उ0प्र0 सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री एवम विशिष्ट अतिथि प्रदेश प्रवक्ता भाजपा श्री हरीश चंद्र श्रीवास्तव' द्वारा कायस्थ गौरव सम्मान का प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नागेन्द्र माथुर एवम डॉ अमित श्रीवास्तव ,राकेश श्रीवास्तव ,आशीष श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव ,वरिष्ठ अधिवक्ता पीयूषरंजन ने कार्यक्रम ने आये सभी अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता जयशंकर श्रीवास्तव व संचालन राजन श्रीवास्तव एवम सिद्दार्थ श्रीवास्तव ने किया।सम्मान समारोह के पूर्व कार्यक्रम के राष्ट्रीय अधिवेशन सत्र का उद्घाटन अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने किया।अयोध्या विधायक ने भाजपा सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि अयोध्या का चहुमुखी विकास करना सरकार की प्राथमिकता में शामिल है। अयोध्यावासी होने के नाते हम स्वयं को गौरवशाली मानते है।उन्होंने कायस्थों की सामाजिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम आयोजको को बधाई दी।अधिवेशन में मध्यप्रदेश ,झारखण्ड ,बिहार सहित उ0प्र0 के कई जिलों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी ओपीडी में लगा सीसीटीवी कैमरा चिकित्सक एवं फार्मेसिस्ट में मचा हड़कंप

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) फैजाबाद की आवाज. जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी ओपीडी में लगा सीसीटीवी कैमरा चिकित्सक एवं फार्मेसिस्ट में मचा हड़कंप प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला चिकित्सालय में लगे हुए सीसीटीवी कैमरा खराब होने के कारण इमरजेंसी ओपीडी मैं चिकित्सक एवं फार्मेसिस्ट द्वारा अपने दलालों के सहारे धड़ाके से कमीशन युक्त इंजेक्शन व दवाइयां मरीजों के तीमारदारों से मंगवाई जाती रही है जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सी बी त्रिपाठी ने बताया कि आए दिन कमीशन युक्त इंजेक्शन व दवाइयों को बाजार से मंगाए जाने की शिकायत मिल रही थी इस पर अंकुश लगाने के लिए अधीक्षक डॉ विपिन वर्मा को सौंपा गया अधीक्षक डॉ विपिन वर्मा ने तत्परता दिखाते हुए इमरजेंसी ओपीडी में खराब पड़े सीसीटीवी कैमरा को बद ल वा देने के कारण दलालों एवं इमरजेंसी ड्यूटी करने वाले चिकित्सकों में हड़कंप मच गया अब चिकित्सकों ने नया रूप अपनाते हुए मरीजों को सिटी स्कैन एवं अल्ट्रासाउंड लिखना शुरू कर दिया है वही प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ सी बी एन त्रिपाठी ने बताया है कि इमरजेंसी ओपीडी में सीसीटीवी कैमरा लग जाने के कारण आए दिन मरीजों के तीमारदार द्वारा चिकित्सक से अभद्र व्यवहार करने एवं दलालों पर अंकुश लगेगा अब कक्ष संख्या 3 एवं कक्ष संख्या 14 मैं भी सीसीटीवी कैमरा लगाया जाएगा जिससे चिकित्सकों द्वारा अपने पास दलालों को बैठाकर कमीशन युक्त दवाइयां लिखने पर भी अंकुश लगेगा।

## पहली बार कार्तिक पूर्णिमा पर बन्द रहेगा रामलला के मंदिर का कपाट : श्रद्धालु को नहीं मिलेगा राम जन्मभूमि में प्रवेश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कार्तिक पूर्णिमा 8 नवंबर को अयोध्या पहुंचे लाखों श्रद्धालु भगवान श्री राम लला का दर्शन नहीं कर सकेंगे , पुजारी के अनुसार यह पहला अवसर होगा जब कार्तिक पूर्णिमा पर भगवान के मंदिर को बंद रखा जाएगा। राम नगरी अयोध्या में पहली बार कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर भी ग्रहण का साया बन रहा है। जब कि इस पर्व पर लाखों कि संख्या मे श्रद्धालु अयोध्या पहुँचते है । और मंदिरों मे भी दर्शन पूजन करते है। लेकिन इस वर्ष भगवान श्री रामलला का दर्शन भी भक्तों को नहीं मिल सकेगा। दरअसल 8 नवंबर कार्तिक पूर्णिमा को 5:10 मिनट पर चंद्र ग्रहण लग रहा है जो कि 6:19 मिनट पर समाप्त होगी लेकिन हिंदू विधाओं के अनुसार चंद्र ग्रहण के 9 घंटे पहले ही सूतक प्रारंभ हो जाएगा। यानी 8:10 मिनट पर प्रारंभ हो रहा है इसके कारण राम जन्मभूमि पर विराजमान भगवान श्री रामलला के गर्भगृह सहित अन्य मंदिरों को भी दर्शनार्थियों के लिए बंद कर दिया जाएगा।

## अयोध्या में बने भगवान परशुराम का भव्य मंदिर–पं कृपानिधान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की बैठक भरत हनुमान मिलाप मंदिर भरतकुंड में सुरेंद्र देव दुबे की अध्यक्षता द्वारिका प्रसाद पांडे के संचालन में संपन्न हुआ जिसमें आगामी 15 जनवरी मकर संक्रान्ति को परिषद का 29 वां स्थापना दिवस भरतकुंड में मनाने का निर्णय लिया गया बैठक के मुख्य अतिथि पंडित कृपा निधान तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर रामतेज पांडे रहे।कार्यक्रम इसको सफलतापूर्वक सम्पन्न की तैयारी के लिए 5 सदस्य डॉक्टर राम तेज पांडे सुरेंद्र देव दुबे राम भरत पांडे सूर्यनारायण दुबे रज्जू द्वारका प्रसाद पांडे की कमेटी का गठन सर्व सम्मत से लेने के साथ ब्लॉकों का पुनर्गठन करने पर विचार किया गया। बैठक में प्रणव पाठक ने भजन सुना कर सबका मनोरंजन किया। ब्राह्मणों को संस्कारवान बनाने के साथ देश के सवर्णों को एकजुट कर सवर्ण आयोग का गठन पूरे देश मे समान नागरिक संहिता एवं आर्थिक आधार पर आरक्षण अयोध्या में भगवान परशुराम का भव्य मंदिर निर्माण एवं भगवान परशुराम के प्राकट्य दिवस पर पूरे देश में अवकाश घोषित करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित कर पूरे देश में लागू करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में डॉक्टर दिनेश तिवारी राम प्रसाद तिवारी अरुण कुमार पांडे दीनानाथ पांडे जगजीवन चतुर्वेदी विश्वनाथ तिवारी पवन पांडे हरिओम पांडे विनोद तिवारी कपिल देव पांडे सतीश तिवारी चंद्र प्रकाश पांडे चंद्र प्रकाश दुबे राम प्रकाश दुबे शिवशंकर पान्डेय प्रणव पाठक हनुमंत पांडे धर्मेंद्र नाथ पांडे करुणा शंकर त्रिपाठी गोपाल तिवारी देवी प्रसाद दुबे धर्मेंद्र पांडे राकेश कुमार पांडे कृष्णदेव दुबे अजय कुमार पांडे दिलीप द्विवेदी आदि भारी संख्या में परिषद के लोग उपस्थित रहे।

## हिन्दु राष्ट्र घोषित करने के लिए जगत गुरु परमहंस आचार्य करेंगे आमरण अनशन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भारत को हिन्दु राष्ट्र घोषित करने के 7 नवम्बर 2023 से जगत गुरु परमहंस आचार्य आमरण अनशन करेंगे। उन्होंने कहा कि देश का विभाजन हिंदू, मुसलमान के आधार पर हुआ। बंटवारे की मांग मुसलमानों ने किया। मुसलमानों को पाकिस्तान, बांग्लादेश मिला ।जिसे मुस्लिमो ने मुस्लिम राष्ट्र घोषित कर लिया है इस बंटवारे से बचाव हुआ भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की अब आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार एक वर्ष के में भारत को हिन्दु राष्ट्र घोषित करें।नही तों हिंदू समाज के साथ आज से एक वर्ष बाद आज ही के दिन 2 नवम्बर 2023 को आमरण अनशन करेंगे।

## पूराकलंदर पुलिस ने 58 वर्ष दिखाकर शान्ति भंग मे सेवानिवृत्त दरोगा का किया चालान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पूराकलंदर थाने के बनके गांव (अबनपुर सरोहा) के 81 वर्षीय बाबूराम पान्डेय सेवानिवृत्त दरोगा ने अपने घर के बगल गांव के कुछ दबंग लोगो द्वारा जबरन कूडा और गन्दगी डम्प करने की शिकायत थाने मे थाना समाधान दिवस मे दिया था।जिसका बिना शिकायत कर्ता के सुने मनमानी ढंग से निस्तारित करना दिखाकर शिकायत कर्ता का ही 58 वर्ष उम्र दिखाकर शान्ती भंग मे चालान कर दिया।और शिकायतकर्ता के घर के बगल ढम्प गन्दगी को रखने वालो 18 मे से मुख्य अभियुक्त रामनरेश मौर्य सहित उनके परिवार वालो को छोड़कर हल्का नं 3के दरोगा रामचन्द्र मौर्य ने मामले पर लीपा पोती कर दिया । और अभियुक्तो के खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गई और। जिससे अभियुक्त का मन काफी बढ गया है। पुलिस की जन विरोधी और सीनियर सिटी जन के साथ पछपात पूर्ण कार्यवाही की शिकायत सेवानिवृत्त दरोगा ने डीआई जी से अपनी शिकायत दर्ज कराई है जिसकी जांच सीओ अयोध्या द्वारा की जा रही है।

## समारोह पूर्वक मनाई गई सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सरदार वल्लभ पटेल भवन दर्शन नगर रोड के प्रांगण में सरदार पटेल संस्थान एवं पटेल प्रगति समिति के तत्वाधान में वल्लभभाई पटेल जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में आए हुए सांसद आर.के सिंह पूर्व मंत्री का जोरदार स्वागत पटेल प्रगति समिति के मुख्य संरक्षक मिश्रीलाल वर्मा, हौसला प्रसाद वर्मा पूर्व निदेशक वित्त विभाग, संयोजक डॉ अवधेश कुमार वर्मा, के.पी वर्मा ,अध्यक्ष पी एन वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष रविंद्र कुमार वर्मा द्वारा माला पहना कर अंग वस्त्र देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरदार बल्लभ भाई पटेल जी के मूर्ति पर माल्यार्पण करके किया गया। आए हुए मुख्य अतिथि सांसद व पूर्व मंत्री आरके सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल जिनको भारत रत्न प्राप्त लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है उन्होंने देश की एकता के लिए बहुत योगदान दिया आज हमारे समाज को उन्हीं के द्वारा दिखाए गए मार्गों पर चलकर मुख्यधारा से जुड़ना होगा। उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर ही समाज को सही दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा समाज के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से समारोह अध्यक्ष हौसला प्रसाद वर्मा, धिराउ राम वर्मा ,अयोध्या सांसद लल्लू सिंह, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, पूर्व अध्यक्ष राज वर्मा, सुधीर गंगवार समाजसेवी धर्मराज पटेल, अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर विधायक अमित सिंह चौहान, पूर्व डीआईजी बीआर वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मायाराम वर्मा ,पूर्व बार एसोसिएशन महामंत्री के.के पटेल, वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर के आर वर्मा सहित समाज की विशिष्ट लोग मौजूद रहे।

## यूजीसी की नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर क्षेत्र सहित जिले का बढ़ाया मान

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कहते हैं कि जब कुछ कर गुजरने का जज्बा हो और अपनी मेहनत पर भरोसा हो तो कोई भी मुश्किल सामने टिकती नहीं है और फिर सफलता अपने आप कदम चूमती है। ऐसा ही तारुन ब्लाक की प्रतिभा दीप्ती यादव ने कर दिखाया है। उन्होंने यूजीसी की नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले के युवाओं को तरक्की की राह दिखाई है। बीकापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बेलगरा बनघुसरा निवासी राम सनेही यादव की बेटी दीप्ती ने नेशनल एजेंसी के बैनर तले आयोजित जूनियर रिसर्च फैलोशिप जेआरएफ परीक्षा पास कर गांव और परिजनों का मान बढ़ाया है। दीप्ती के पिता रामसनेही यादव मध्यम वर्गीय किसान परिवार के साथ राजनीति में सामाजिक सेवा से जुड़े हैं। तो दीप्ति की माता नीलम यादव आंगनवाड़ी कार्यकत्री हैं। दीप्ती की इस कामयाबी पर कामरेड अतुल सिंह,अशोक तिवारी, बाबूराम यादव, अधिवक्ता अखण्ड यादव, सपा नेता भगवत यादव, भाजपा नेता ब्रह्मदीन तूफानी, प्रधान राम शंकर यादव,पूर्व प्रधान रामधारी यादव,पूर्व बीडीसी राम कुमार यादव,राम सुंदर यादव, विजय यादव, शिवपूजन यादव,ह्रदय राम यादव, श्रीराम यादव,सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव पारसनाथ यादव, कामरेड अवधराम यादव,हरीराम यादव फौजी, कामरेड राम जी राम यादव, उदय चंद यादव,महेंद्र यादव इंजीनियर, बंशराज पाल, राजनाथ तिवारी, कामरेड राम तीरथ पाठक, शेख मो0 इशहाक, उन्हें बधाई दी है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

**लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107**

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

**श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव**

सह सम्पादक

**श्रीमती हेमा त्रिपाठी**

**मो0–7007415808,9628325542,9415034002**

**RNI** सन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/**R-1**

deshkiupasanadailynews@gmail.com

**उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही**

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।